## महत्वपूर्ण एवं खास

### 30 व 3 अक्टूबर को मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर और 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर और 3 अक्टूबर को जगदलपुर के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समरोह में शामिल होंगे। परिवर्तन यात्रा का समापन पहले 28 सितंबर को होने वाला था, लेकिन कुछ कारणों से यात्रा के समापन की तिथि में बदलाव किया गया है।

### सुपर इलेक्शन क्विज में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने जीता प्रथम व द्वितीय पुरस्कार

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा निर्वाचन नियमावली की ज्ञान रखने वाले सभी जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित सुपर इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार जीता है। 15 सितंबर 2023 को आयोजित इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने प्रथम विजेता और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी ने द्वितीय विजेता घोषित हुए हैं। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तखतपुर शशांक शेखर शुक्ला तृतीय विजेता हैं।

### ओवरटेक करते समय सड़क से उतरी स्कूल बस, चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने बच्चों को सुरक्षित निकाला

**जशपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार स्कूल बस ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतर गई. दुर्घटना के समय बस में दो दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे, गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, जिले के कांसाबेल के ग्राम पंचायत हथगड़ा के पास बच्चों को लेकर जा रही डीएवी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतर गई. बस में दो दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे, दुर्घटना के समय कुछ बच्चे खिडक़ी से बाहर छिटककर नीचे जा गिरे. बारिश की वजह से जमीन के गीला होने से बच्चों को चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक स्कूल बस को तेज गति से चला रहा था. ओवरटेक के दौरान सडक़ से नीचे उतर गई, और जमीन के गीला होने की वजह से फंस गई. घटना को देखते हुए आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बस से बच्चों को सुरक्षित निकाला, वहीं ट्रैक्टर की मदद से बस को सडक़ पर वापस लाया गया।

### बिजली खंभे में चढ़ा ठेका कर्मी फिसल कर गिरा, मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबी वितरण केंद्र अंतर्गत कार्य के दौरान पैर फिसलने से एक ठेका कर्मी खंभे से नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल कर्मी को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, पर उसकी जान नहीं बच सकी। मोरगा निवासी मोहन पाल विद्युत विभाग में ठेका पद्धति से कार्यरत है। बताया जा रहा है कि बिजली खंभा में चढक़र काम कर रहा था। इसी दौरान चक्कर आने से उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सहकर्मियों ने उपचार के लिए उसे तत्काल पोडी-उपरोडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। गंभीर हालात को देखते हुए कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर सहायक यंत्री दिनेश कुमार का कहना है कि मृतक का नाम मोहन पाल है। हादसे कि वजह चक्कर आना बताया जा रहा हैए इसकी पूरी जानकारी नहीं है। जानकारी लेकर त्वरित जांच कराई जाएगी व उच्च अधिकारियों के चर्चा करने के बाद विभाग की तरफ से कुछ सहयोग राशि स्वजनों को प्रदान किया जायेगा।

# डेंगू नियंत्रण कार्य में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अब नर्सिंग स्टूडेंट्स भी उतरी फील्ड में

- कलेक्टर के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण कार्य में रविवार को भी फील्ड में डटे रहे अधिकारी
- वार्ड पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को किया नियुक्त
- स्वयं कलेक्टर सिन्हा कर रहे डेंगू नियंत्रण कार्यों की मॉनिटरिंग
- अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध, स्थिति नियंत्रण में, एमएमयू के माध्यम से किया जा रहा तत्काल जांच
- शहर में सफाई, फॉगिंग एवं जन जागरूकता कार्य मिशन मोड़ में जारी





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में डेंगू नियंत्रण के कार्य में आज रविवार को भी जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में डटे रहे। शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू सोर्स रिडक्शन एवं जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के सभी वार्डो के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई है। जो आज रविवार को भी शहर के विभिन्न वार्डो में निरीक्षण एवं सोर्स रिडक्शन कार्य में डटे रहे।

इसकी मॉनिटरिंग स्वयं कलेक्टर सिन्हा कर रहे हैं, उनके द्वारा उत्तरदायी अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की लगातार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में जहां नगर पालिका द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चला रही है, वहीं स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण कर कार्य किया जा रहा है। गत दिवस बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने सफाई दरोगा एवं सफाई कर्मियों को आगामी पखवाड़े भर मिशन मोड पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे डेंगू नियंत्रण पर बेहतर कार्य किया जा सके। जिससे फलस्वरूप शहर के वार्डो में फॉगिंग, सफाई, कचरा उठाव एवं दवाई का छिड़काव लगातार जारी हैं।

**अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं, एमएमयू के माध्यम से किया जा रहा तत्काल जांच-** कलेक्टर सिंह के निर्देशन में किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड में उपचार के लिए आवश्यक बेड, मेडिसीन एवं पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) स्लम इलाकों में जाकर तत्काल जांच भी कर रही हैं। जिससे वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं, एवं पूरी तैयारी के साथ जिला प्रशासन विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए भी तैयार हैं।

**नर्सिंग स्टूडेंट भी अभियान में हुई शामिल, सर्वे के साथ लोगों को किया जागरुक-** कलेक्टर सिंह के निर्देश पर वार्ड सर्वे के लिए पूर्व में अधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आज से 50 नर्सिंग स्टूडेंटस की टीम ने भी शहर के हण्डी चौक, लालटंकी, हटरी, गांजा चौक, गौशाला पर जैसे विभिन्न डेंगू प्रभावित वार्डो में सर्वे, सोर्स रिडक्शन, पोस्टर चस्पा एवं लोगों को डेंगू से बचाव के संबंध में जागरूक किया।

## ईडी ने कसा शिकंजा : विधायक देवेन्द्र यादव, चंद्रदेव राय की बढ़ी मुश्किलें

- आज कोर्ट में होना होगा पेश, नहीं तो जारी होगा गैर जमानती वारंट



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के ठीक पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस कार्यवाही की चपेट में अब कांग्रेस के दो विधायक भी लपेटे में आ गए हैं। कथित कोल घोटाले में ईडी ने शनिवार को पूरक चालान पेश किया है। इसमें दो विधायकों देवेन्द्र यादव तथा चंद्रदेव राय का नाम शामिल है। दोनों को 25 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होना है। इससे पहले दोनों को अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करना होगा। यदि जमानत नहीं मिली तो कोर्ट उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दे सकता है। कोल परिवहन में 25 रुपए प्रति टन की कथित लेवी के मामले में ईडी ने पूरक चालान पेश किया है। इस मामले में आईएएस व पूर्व कलेक्टर रानू साहू और निखिल चंद्राकर की गिरफ्तारी हुई है, जबकि विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव राय सहित कांग्रेस नेता व अन्य की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में अदालत ने दोनों विधायकों को नोटिस जारी किया है. 25 अक्टूबर को दोनों को पेश होना पड़ेगा, क्योंकि कोर्ट में पेश नहीं होने की स्थिति में वारंट जारी किया जाएगा. इसके बाद भी पेश नहीं होने पर गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो सकता है. वहीं, 25 अक्टूबर को पेश होने से पहले अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करना होगा। अग्रिम जमानत मिलने की स्थिति में गिरफ्तारी से राहत मिलेगी, अन्यथा जेल भेजने के आदेश हो सकते हैं। विधायकों के अलावा इस मामले के अन्य आरोपी, जिनके नाम पर पूरक चालान पेश हुआ है, उनमें पीयूष साहू, विनोद तिवारी, राम प्रताप सिंह, रोशन सिंह, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी और नारायण साहू शामिल हैं।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, सात जिलों में हो सकती है भारी बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रिए है। प्रदेश के 7 जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है। इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव और खड़ी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है।

**7 जिलों में जारी हुआ अलर्ट-** छत्तीसगढ़ में मूसलाधार बारिश से बिलासपुर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। अब तक 820 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है। भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और विभिन्न इलाकों में सडक़ें जलमग्न हो गई हैं। मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना के देखते हुए इन 7 जिलों बलरामपुर, कोरबा, सूरजपुर, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली और बिलासपुर में यलो अलर्ट जारी कर दिया है।

**प्रदेश में औसतन वर्षा-** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार प्रदेश में 1 जून 2023 से अब तक 979.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। बीते 24 घंटे में रायपुर में 30.2, कबीरधाम में 65.6, रायगढ़ में 115.1, बलौदाबाजार में 122.5 और राजनांदगांव में 104.9 मिलीमीटर के साथ बारिश हुई है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1033.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 1033.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 24 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1628.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 465 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 768.2 मिमी, बलरामपुर में 925 मिमी, जशपुर में 856.8 मिमी, कोरिया में 914.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 899.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1182.2 मिमी, बलौदाबाजार में 1189.3 मिमी, गरियाबंद में 908.3 मिमी, महासमुंद में 1022.3 मिमी, धमतरी में 949.2 मिमी, बिलासपुर में 1220.4 मिमी, मुंगेली में 1342.4 मिमी, रायगढ़ में 1209.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 974.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1151.7 मिमी, सक्ती में 1020.9 मिमी, कोरबा में 1031.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1108.4 मिमी, दुर्ग में 883 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 904.2 मिमी, राजनांदगांव में 1124.9 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1248.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1074.2 मिमी, बालोद में 995.4 मिमी, बेमेतरा में 927.3 मिमी, बस्तर में 996 मिमी, कोण्डागांव में 1009.7 मिमी, कांकेर में 969.7 मिमी, नारायणपुर में 919 मिमी, दंतेवाड़ा में 1023.5 मिमी और सुकमा में 1370.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## हत्या का प्रयास और छेड़खानी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

- घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड पर
- आरोपी ने अपने भाई के साथ पुरानी रंजिश पर युवक को कार से कुचलने का किया था प्रयास



रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास और छेड़खानी मामले में फरार चल रहे आरोपी मदन चौहान (22 साल) निवासी ग्राम रायकेरा थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी युवक अपने बड़े भाई मधुसूदन चौहान के साथ पुरानी रंजीश पर कोनपारा के युवक को अपने मारूति कार से कुचलकर हत्या की कोशिश की गई थी। घरघोड़ा पुलिस द्वारा घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना दरम्यान 10 सितंबर को आरोपी मधुसूदन चौहान (28 साल) का गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपित दोनों ही भाई हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी मामले में गिरफ्तारी हेतु वांछित थे।

जानकारी के मुताबिक आहत युवक की पत्नी/प्रार्थीया घटना को लेकर 09 सितंबर को थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना के कुछ दिनों पहले मधुसूदन चौहान उसके भाई मदन चौहान उनके साथियों के विरुद्ध थाने में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसे लेकर आरोपीगण रंजीश रखे हुए थे। दिनांक 09/09/2023 को प्रतिदिन की तरह दोनों पति-पत्नी अपनी दुकान में बैठे थे। उसी समय मधुसूदन चौहान और मदन चौहान एक मारूति कार सीजी क्र-13 AP 6925 में आए और कार से उतर कर दोनों दुकान के सामने आकर थाने में रिपोर्ट को लेकर गाली गलौज कर धमकी दिए और फिर चले गए। दोपहर जब पति अपने स्कूटी से घर खाना खाने आ रहा था। तब दोनों भाई मधुसूदन चौहान और मदन पहले से घात लगाये रायकेरा मेन रोड पांझर पुलिया के पास पीछे से अपने मारूती कार क्रमांक CG 13-AP 6925 में स्कुटी पर सवार पति की हत्या करने की पूर्ण नियत से ठोकर मारें जिससे स्कुटी के साथ गिरे प्रार्थीया के पति के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आयी है। प्रार्थीया के बताये अनुसार मारूति कार को आरोपी मधुसुदन चौहान चला रहा था। आहत को उसके परिवार वालों द्वारा रायगढ़ अस्पताल में भर्ती कारण है। आरोपियों द्वारा साजिश कर हत्या की नीयत से अपराध को अंजाम देने संबंधी आवेदन पर आरोपी मधुसुदन चौहानऔर मदन चौहान पर हत्या के प्रयास समेत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें आरोपी मधुसूदन चौहान को गिरफ्तार किया गया जिससे घटना में प्रयुक्त क्षतिग्रस्त मारुति कार को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। फरार आरोपी मदन चौहान की घरघोड़ा पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी तथा मुखबिरों को आरोपी मदन चौहान के क्षेत्र में देखे जाने पर तत्काल सूचना देने कहा गया था। इसी कड़ी में आज आरोपी मदन चौहान को रायकेरा में घूमते देखे जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दिये जाने पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने से स्टाफ आरोपी की पतासाजी के लिये रवाना किया गया, स्टाफ द्वारा आरोपी मदन चौहान पिता ईश्वर चौहान उम्र 28 साल निवासी रायकेरा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे पूछताछ कर आरोपी के मेमोरंडम पर एक बांस का डंडा वजह सबूत जप्त किया गया है। आरोपी मदन चौहान को घरघोड़ा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी दोनों ही मामलों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर व एसपी ने ली इनफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में इनफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने आयकर, आबकारी, वन, कोषालय, पुलिस, खाद्य, बैंक के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आबकारी सहित अन्य विभाग जिनको पैसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना है, वो आवश्यक दस्तावेज और जिला प्रशासन की टीम को विधिवत सूचना देकर स्थानांतरित करें। किसी भी भवन, कार्यालय, गोदाम में संबंधित विभाग के सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की अनावश्यक, अवांछित सामग्री का भंडारण नहीं किया जाना चाहिए। चेकिंग के दौरान ऐसे वस्तु पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी गणेश यू.आर., अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एएसपी महेश्वर नाग सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री बघेल की विशेष पहल पर शुरू की जा रही है ‘छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना’

- ‘‘छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023‘‘ में 10 लाख 76 हजार 545 परिवार पाये गये हैं आवासहीन एवं कच्चे मकान वाले
- इन परिवारों को चरणबद्ध रूप से मिलेगी आवास के लिए सहायता
- प्रथम चरण में आवासहीन 47 हजार 90 परिवारों को आवास के लिए मिलेगी सहायता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर आवास योजना के प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा ‘‘मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना‘‘ प्रारंभ की जा रही है। इस योजना में ऐसे हितग्राही शामिल हैं, जिन्हें आवास की आवश्यकता तो है, किन्तु वर्ष 2011 की सर्वे सूची के अनुसार योजना के लिए पात्रता नहीं रखते हैं। चूंकि भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 12 वर्ष पूर्व संपादित की गई थी। वर्तमान में कई परिवार ऐसे हैं, जिनके जीवन स्तर में सुधार होने के कारण आवास की पात्रता नहीं रखते तथा कुछ ऐसे भी परिवार हैं, जिन्हें आवास की आवश्यकता तो है, किन्तु वर्ष 2011 के उक्त सर्वे सूची अनुसार पात्रता नहीं रखते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के ऐसे जरूरतमंद परिवारों की आवश्यकता और उनकी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ‘‘छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023‘‘ कराने का निर्णय लिया गया। सर्वेक्षण कार्य 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हुआ तथा 30 अप्रैल 2023 तक कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें 10,76,545 परिवार आवासहीन एवं कच्चे मकान वाले पाये गये हैं। ऐसे सभी आवासहीन एवं कच्चे कमरे वाले परिवारों को चरणबद्ध रूप से उन्हें स्वयं का आवास दिलाने हेतु जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्रामीण आवास न्याय योजना की घोषणा की गई, जिसके क्रियान्वयन हेतु शत्-प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

**आवास हेतु दुर्गम क्षेत्रों के परिवारों को 1.30 लाख तथा मैदानी क्षेत्रों में 1.20 लाख रूपए की सहायता-** योजना अंतर्गत प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक जनगणना 2023 के सर्वेक्षण में पाये गये 47 हजार 090 आवासहीन परिवारों को लाभान्वित किया जायेगा। योजनान्तर्गत प्रति हितग्राही पात्र परिवारों को आईएपी (पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में) एवं नॉन आईएपी (मैदानी क्षेत्र) जिलों में विभाजित करते हुये क्रमशः कुल 1.30 लाख रूपए एवं कुल 1.20 लाख रूपए की राशि प्रति पात्र परिवार प्रदान की जाएगी।

ग्रामीण आवास न्याय योजनांतर्गत अभिसरण के माध्यम से मनरेगा योजना के वार्षिक प्रधान परिपत्र वर्ष 2022-23 की कंडिका 7.5.5 अनुसार न्यूनतम 25 वर्ग मीटर प्लिंथ एरिया के मकान निर्माण हेतु आई.ए.पी. जिलों में 95 तथा नॉन आई.ए.पी. जिलों में 90 मानव दिवस का लाभ दिया जाएगा।

ग्रामीण आवास न्याय योजनांतर्गत चिन्हांकित पात्र परिवारों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं मनरेगा के अभिसरण से पात्रतानुसार 12 हजार रूपए की राशि की स्वीकृति दी जायेगी।

मुख्यमंत्री की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष बचे परिवार होंगे लाभान्वित

भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना के आधार पर वर्ष 2016 से ‘‘प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण‘‘ लागू की गई। योजनान्तर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल 18,75,580 लाख परिवार शामिल हैं, जिनमें से 11,76,146 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। किन्तु 6,99,439 परिवारों को भारत सरकार से लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृति नहीं की जा सकी है। मंत्रिपरिषद की 02 सितम्बर 2023 की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में शेष बचे शत-प्रतिशत परिवारों को लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवार होंगे लाभान्वित-** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्थाई प्रतीक्षा सूची में 6,99,439 परिवार वर्तमान लाभान्वित किया जाना शेष है। योजनान्तर्गत प्रति हितग्राही पात्र परिवारों को आई.ए.पी. (पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में) एवं नॉन आई.ए.पी. (मैदानी क्षेत्र) जिलों में विभाजित करते हुये क्रमशः कुल 1.30 लाख रूपए एवं कुल 1.20 लाख रूपए की राशि प्रति पात्र परिवार प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से मनरेगा योजना के वार्षिक प्रधान परिपत्र वर्ष 2022-23 की कंडिका 7.5.5 अनुसार न्यूनतम 25 वर्ग मीटर प्लिंथ एरिया के मकान निर्माण हेतु आई.ए.पी. जिलों में 95 तथा नॉन आई.ए.पी. जिलों में 90 मानव दिवस का लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चिन्हांकित पात्र परिवारों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं मनरेगा के अभिसरण से पात्रतानुसार 12 हजार रूपए की राशि की स्वीकृति दी जायेगी।

**मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना-** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 60 प्रकार के निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जाता है वर्तमान में प्रदेश में कुल 23,19,681 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए ‘‘मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना‘‘ 01 मार्च 2023 से प्रारंभ की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480